दिन– शुक्रवार दिनांक– 22 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बोधगया में आयोजित समारोह में तेरह हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

02. श्री मोदी ने बिहार के पिछड़ेपन के लिए राजद और कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया।

03. प्रधानमंत्री ने कहा – भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उनकी सरकार कोई समझौता नहीं करेगी।

04. और, सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश – मतदाता सूची प्रारूप से हटाये गए मतदाता अपना नाम जुड़वाने के लिए आधार सहित ड्राईविंग लाईसेंस, पासबुक और पानी का बिल जैसे दस्तावेज जमा कर सकते हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गयाजी से बिहार को तेरह हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। श्री मोदी ने बिजली, रेल, सड़क, स्वास्थ्य, आवास और जल आपूर्ति से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। एक रिपोर्ट....

–––रिपोर्ट–––

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मोकामा के औंटा और बेगूसराय के सिमरिया के बीच गंगा नदी पर नवनिर्मित सिक्स लेन पुल का उद्घाटन किया। इस पुल के बनने से उत्तर बिहार से दक्षिण बिहार के बीच आवाजाही सुगम हो गयी है। अब सौ किलोमीटर की दूरी का सफर मात्र आठ किलोमीटर में सम्भव हो गया है। श्री मोदी ने राज्य में कैंसर के मामलों में हो रही वृद्धि को देखते हुये मुजफ्फरपुर में नवनिर्मित भाभा कैंसर रिसर्च संस्थान का उद्घाटन किया। इस संस्थान की क्षमता दो सौ पचास बेड की है। प्रधानमंत्री ने लगभग एक हज़ार नौ सौ करोड़ रुपये की लागत से निर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग–इकतीस के चार–लेन वाले बख्तियारपुर–मोकामा खंड का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने एनएच एक सौ बीस के बिक्रमगंज–दावथ–नवानगर–डुमरांव सेक्सन पर पक्की सड़क सहित दो लेन के सुधार कार्य का उद्घाटन किया। श्री मोदी ने गया और दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस तथा वैशाली और कोडरमा के बीच बौद्ध सर्किट स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने छह सौ साठ मेगावाट क्षमता वाले बक्सर थर्मल पावर प्लांट का उद्घाटन किया। इसका निर्माण छह हजार आठ सौ अस्सी करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। श्री मोदी ने अविरल गंगा के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत मुंगेर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, एसटीपी और सीवरेज नेटवर्क का उद्घाटन किया, जिसे पांच सौ बीस करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। अमृत योजना के दूसरे चरण के तहत, प्रधानमंत्री औरंगाबाद, बोधगया और जहानाबाद में जलापूर्ति परियोजनाओं की आधारशिला रखी। ये परियोजनाएं स्वच्छ पेयजल, आधुनिक सीवरेज प्रणाली और बेहतर स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करेंगी, जिससे स्वास्थ्य मानकों और जीवन गुणवत्ता में सुधार होगा। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 16000 से अधिक लाभार्थियों को गृह प्रवेश भी करवाया। समाचार कक्ष से मैं आफताब आलम।

---

प्रधानमंत्री ने मगध विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये आरोप लगाया कि राजद और कांग्रेस के शासनकाल में सालों–साल तक परियोजनाएं लटकी रहती थीं। एनडीए सरकार ने इस परिपाटी को पूरी तरह बदल दिया।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कहा कि आज बिहार का चौतरफा विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस के राज में बिहार की प्रगति रूक सी गयी थी।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि बड़े पैमाने पर गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों की सरहाना करते हुए कहा कि बिहार लगातार प्रगति कर रहा है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई समझौता नहीं करेगी। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ऐसा बिल लेकर आई है, जिसमें अब प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्री के तीस दिन जेल में रहने पर पद से हटाने का प्रावधान है।

———बाइट———

श्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त विपक्षी दलों के नेता इस बिल का इस लिए विरोध कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें सत्ता से बेदखल होना पड़ेगा।

——बाइट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं है। राजद के भ्रष्टाचार को बिहार का बच्चा–बच्चा जानता है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने घुसपैठ की समस्या पर गहरी चिंता जताते हुये कहा कि अप्रवासियों से उत्पन्न खतरों से देश की रक्षा के लिए शीघ्र ही डेमोग्राफी मिशन शुरू किया जायेगा।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने बिहार की धरती से जो भी संकल्प लिया है, वह पूरा हुआ है। मधुबनी की धरती से उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने का संकल्प लिया था, जो ऑपरेशन सिंदूर के रूप में सफल हुआ।

———बाइट———

———————————————————————————

समारोह को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वर्ष दो हजार पांच में एनडीए की सरकार बनने के बाद से अब तक राज्य की स्थिति में अभूतपूर्व सुधार हुआ है।

———बाइट———

———————————————————————————

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से आज बिहार को तेरह हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का तोहफा मिला है, इससे राज्य की विकास गति और तेज होगी।

———बाइट———

———————————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने आज एसआईआर पर सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वह एक अगस्त को प्रकाशित मतदाता सूची प्रारूप से हटाये गए लोगों के नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाईन सुविधा भी उपलब्ध कराये। अदालत ने कहा कि नाम जुड़वाने के लिए मतदाता आधार कार्ड सहित ड्राईविंग लाईसेंस, पासबुक और पानी का बिल जैसे दस्तावेज भी जमा कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट बरूण सिन्हा ने बताया कि अदालत ने राजनीतिक दलों को इस मामले में सहयोग करने को कहा है।

———बाईट———

———————————————————————————

राजनीतिक दल की ओर से आज पहली बार मतदाता सूची में दावा– आपत्ति दर्ज कराई गयी है। सीपीआईएमएल की ओर से मतदाता सूची प्रारूप के खिलाफ दो दावा–आपत्ति चुनाव आयोग में दर्ज कराई गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के बाद अभी तक **चौरासी हजार तीन सौ पांच** निर्वाचकों से सीधे दावा आपत्ति के आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें से **छह हजार बानवे** मामलों का निपटारा कर दिया गया है।

---

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। राजधानी पटना सहित प्रदेश के कई भागों में आज भी बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण प्रदेश के अधिकांश जिलों में अगले चौबीस घंटों के दौरान बारिश की संभावना जताई है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बोधगया में आयोजित समारोह में तेरह हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

02. श्री मोदी ने बिहार के पिछड़ेपन के लिए राजद और कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया।

03. प्रधानमंत्री ने कहा – भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उनकी सरकार कोई समझौता नहीं करेगी।

04. और, सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश – मतदाता सूची प्रारूप से हटाये गए मतदाता अपना नाम जुड़वाने के लिए आधार सहित ड्राईविंग लाईसेंस, पासबुक और पानी का बिल जैसे दस्तावेज जमा कर सकते हैं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।